**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **3-(क)** नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि सेक्टर-3 जानकीपुरम् विस्तार लखनऊ में दो ही पम्पिंग सेट होने के कारण वहाॅ के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? | सेक्टर-3, जानकीपुरम विस्तार लखनऊ में 2000 कि०ली० का ओवरहेड टैंक निर्मित है, जिसे 02 नलकूपों के माध्यम से नियमित भरा जा रहा है। वर्तमान व्यवस्था से क्षेत्र में पर्याप्त जलापूर्ति की जा रही है। |
| **(ख)** क्या उक्त स्थान पर एक नया तीसरा पम्पिंग सेट लगाये जाने हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय के कार्यालय पत्रांक संख्या-1966/ नि०स०-रा०पा०/ दिनांक 28 सितम्बर, 2018 को नगर विकास मंत्री को सम्बोधित पत्र भी प्रेषित किया था ? | जी हाँ। |
| **(ग)** यदि हाॅ तो स्थानीय नागरिकों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए शीघ्र उक्त स्थान पर एक नया तीसरा पम्पिंग सेट लगवायेंगे ? | सेक्टर-3, जानकीपुरम विस्तार लखनऊ में 02 नलकूप अधिष्ठापित है। नलकूप नं०-1 से अत्यधिक मात्रा में बालू आने की शिकायत पर उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा उक्त नलकूप का पुनर्विकास कार्य कराकर एवं 20 एच०पी० क्षमता का मोटर-पम्प डालकर ठीक करा दिया गया है। सेक्टर-3 के नलकूप नं०-2 में भी बालू व प्री-ग्रेविल की शिकायत के कारण उसमें 10 एच०पी० क्षमता का मोटर पम्प डालकर ठीक करा दिया गया है। वर्तमान में किसी नये नलकूप लगाये जाने की आवश्यकता नहीं है। |
| **(घ)** यदि हाॅ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| **(ड.)** यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नही उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**